समाचार

चौक–चौराहों पर पर्याप्त रोशनी व्यवस्था हेतु लगाएं अतिरिक्त लाईटें–आयुक्त

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने किया सड़क रोशनी व्यवस्था का निरीक्षण)

कोरबा 03 अगस्त 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शहर के चौक–चौराहों, मुख्य मार्गो में पर्याप्त रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा इस हेतु अतिरिक्त एल.ई.डी.लाईटें लगाएं। उन्होने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सड़क रोशनी व्यवस्था की नियमित मानीटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित करें कि लगाई गई सभी स्ट्रीट लाईटें जले एवं चौक–चौराहों व सड़कों में अंधेरा या कम प्रकाश होने की स्थिति न बनें।

आयुक्त श्री शर्मा ने मंगलवार को रात्रि के समय निगम के विद्युत विभाग के इंजीनियरों को साथ लेकर शहर की सड़क रोशनी व्यवस्था का सघन रूप से निरीक्षण किया, विभिन्न चौक–चौराहों एवं मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए आयुक्त श्री शर्मा ने वहां पर स्थापित स्ट्रीट लाईटों एवं रात्रि में प्रकाश की स्थिति का जायजा लिया। निगम द्वारा जैन चौक, सी.एस.ई.बी.चौक आदि में अतिरिक्त एल.ई.डी.लाईटें लगाई गई हैं, आयुक्त श्री शर्मा ने स्थापित इन अतिरिक्त लाईटों का अवलोकन करते हुए तानसेन आई.टी.आई.चौक सहित कोरबा शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों के अन्य चौक–चौराहों व मुख्य मार्गो में पर्याप्त रूप से अतिरिक्त लाईटें लगाने के निर्देश दिए तथा इस कार्य को सर्वप्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश देते हुए कार्य पूर्णता हेतु समयसीमा निर्धारित की।

<u>स्थापित स्ट्रीट लाईटें बंद न रहें</u>– आयुक्त श्री शर्मा ने अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम द्वारा चौक–चौराहों, मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों, उद्यानों व सार्वजनिक स्थानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु स्थापित की गई लाईटें बंद न हों, नियमित रूप से जले, यह सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि रात्रि के समय स्ट्रीट लाईटों की नियमित मानीटरिंग अधिकारी स्वयं करें तथा जहां कहीं भी स्ट्रीट लाईटें बंद होने की स्थिति बनती है, वहां पर मरम्मत संधारण कार्य कर लाईटों को जलवाएं ताकि सड़कों, मार्गो आदि में अंधेरा होने की स्थिति न बने।

निरीक्षण के दौरान निगम के विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, सहायक अभियंता राकेश मसीह, उप अभियंता विपिन मिश्रा, सुशील सोनी, डी.पी.साहू सहित अन्य अभियंतागण उपस्थित थे।